Title : Need to upgrade Prayagraj Airport as International Airport and start flight services from Prayagraj to various cities in India-Laid.

श्रीमती केशरी देवी पटेल (फूलपुर): मैं सरकार का ध्यान जनपद प्रयागराज उ०प्र० की ओर आकृष्ट करना चाहती हूँ जो उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा जिला है और इस जनपद प्रयागराज में एअरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का शुभारम्भ 16 दिसम्बर 2018 को भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के करकमलों द्वारा हुआ था। वर्तमान समय में प्रयागराज एअरपोर्ट से लगभग 16 फ्लाइट आवागमन कर रही हैं, इसे और बढ़ाने की आवश्यकता है। मेरा सरकार से निम्नलिखित कार्य करने के लिये विनम्र निवेदन है:-

प्रयागराज एअरपोर्ट पूरे भारत में उत्तर प्रदेश का तीसरे नंबर का सबसे बड़ा एअरपोर्ट है चूँकि उत्तर प्रदेश एक आबादी बाहुल्य राज्य है। इस लिहाज़ से भी प्रयागराज एअरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एअरपोर्ट बनाने की आवश्यकता है क्योंकि इसका आकार बढेगा तो यहॉ रोज़गार के नए अवसर मिलेंगे, यहां पर पहले से ही मिडिल ईस्ट के लोग कार्य करते हैं और पूर्वांचल से सटे हुए जिले भी इससे लाभान्वित हो सकेंगे। प्रयागराज में आने वाले कुम्भ जो कि 2025 में होना है जिसमें करोड़ों श्रद्धालुओं का आवागमन होगा उसको भी दृष्टिगत रखते हुए प्रयागराज एअरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय आकार देने की जरूरत है। प्रयागराज एअरपोर्ट से दिल्ली और दिल्ली से प्रयागराज विमान यात्रा के लिये सुबह 7-9 बजे एवं शाम को 7-9 बजे के आसपास विमान सेवा शुरू की जाने की विशेष आवश्यकता है। आने वाले महाकुम्भ को ध्यान में रखते हुए यंहा यह भी मेरे द्वारा मांग की जाती है क्योंकि महाकुम्भ में लोगों की विशेष आस्था है तो इसमें शामिल होने के लिये लोग सम्पूर्ण भारत के अलग अलग राज्यों से आयेंगे और उन्हें यात्रा करने में किसी भी प्रकार की बाधा ना आये इसके लिये इन रुटस जैसे प्रयागराज-कोलकाता-प्रयागराज, प्रयागराज-नागपुर-हैदराबाद-नागपुर-प्रयागराज, प्रयागराज-आगरा ?जयपुर-आगरा और प्रयागराज-पटना-प्रयागराज पर भी विमान यात्रा शुरू की जाए। प्रयागराज एअरपोर्ट पर लेंडिंग की पर्याप्त सुविधाएं हैं लेकिन अभी तक रात में विमानों का आवागमन शुरू नहीं किया गया है क्योंकि सेना की तरफ से अनुमति नहीं मिल रही है। मेरा माननीय नगरिक उड्डयन मंत्री जी से निवेदन है कि मेरे द्वारा ऊपर उल्लिखित सभी कार्यों को सम्बंधित अधिकारी से पूर्ण करवाने का कष्ट करें।